जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™
JAWAB DO SARKAR
www.jawabdosarkar.com
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जारी
सूचना प्रोद्योगिकी(मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता)नियम,2021 के नियम 18 के तहत संचालित पोर्टल

रेफरेंस संख्या –2023/mmp/93 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | बुधवार, 11 दिसम्बर 2024

# जेडीए मे डीआईजी कैलाश बिश्नोई की नियुक्ति के बाद से बदल रही हवा!!

## जेडीए रिजन मे बसाई जा रही अवैध कॉलोनियों पर लग रहा ब्रेक!!

## भू-माफिया अब बन रहे कोलोनाईजर!!

## जेडीए से कॉलोनियाँ अनुमोदित करवाने के साथ साथ रेरा से भी करवा रहे अनुमोदन!!



लेकिन पर्याप्त नफ़री नहीं होने की वजह से जूझ रहा जेडीए का प्रवर्तन दस्ता!!
शहर की पॉश कॉलोनियों मे बन रही बेतहाशा अवैध बिल्डिंगें!!


*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

## जेडीए मे डीआईजी कैलाश बिश्नोई की नियुक्ति के बाद से बदल रही हवा!!

**जेडीए में 6 साल बाद डीआईजी, 15 एसपी बदले, अजय लांबा जयपुर रेंज आईजी, कमिश्नर बीजू जॉर्ज ही रहेंगे**

जयपुर 3 महीने पहले

जयपुर | सरकार ने 22 आईएएस और 58 आईपीएस के तबादले कर दिए। 15 जिलों के एसपी और 2 आईजी रेंज बदले गए हैं। भ्रष्टाचार को लेकर सवालों में घिरे जेडीए में 6 साल बाद डीआईजी पद पर कैलाश बिश्नोई को लगाया गया है। 7 विधानसभा उपचुनाव वाले जिलों में

आपको बता दें कि जेडीए के प्रवर्तन महकमे मे आई.जी,पुलिस अधीक्षक,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,डिप्टी पुलिस अधीक्षक और पुलिस निरीक्षकों के लिए करीब दो दर्जन से अधिक अधिकारियों के पद सर्जित है और यहाँ पर तबादला करवाने के लिए राजस्थान के कई पुलिस अधिकारी जेक-चेक का बखूबी इस्तेमाल भी करते रहे है,जेडीए के प्रवर्तन दस्ते मे तबादला होकर आने वाले पुलिस अधिकारियों के लिए यह एक मलाईदार पोस्ट मानी जाती है|लेकिन तीन महीने पहले हुए आईपीएस,आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची मे,जिस अधिकारी के तबादले ने सभी को चौंका दिया था वह नाम था डीआईजी कैलाश चंद बिश्नोई का|जेडीए मे 6 साल बाद किसी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी की नियुक्ति की गई थी और वह भी डीआईजी कैलाश चंद बिश्नोई जैसे ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ जैसे अधिकारी की|

पूर्व मे यहाँ पर आने वाले अधिकारियों की गाड़ियां, कार्यवाही-कम और माल-ज्यादा बटोरती थी लेकिन डीआईजी बिश्नोई के आने के बाद ना केवल अधिकारी चाक-चोबन्द हो गए है बल्कि शहर के बाहर भूमाफियाओ द्वारा बसाई जा रही अवैध कॉलोनियों मे भी अपेक्षाकृत कमी आई है|



## भू-माफिया अब बन रहे कोलोनाईजर!!




आपको बता दें कि जेडीए के प्रवर्तन दस्ते की कमान संभालने के बाद डीआईजी बिश्नोई द्वारा अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई जा रही है|यही वजह है कि जहां शहर के बाहरी इलाकों मे कृषि भूमियों पर अवैध कॉलोनियां बसाने की बाढ़ आई हुई थी वही अब जेडीए के बाहरी इलाके वाले जोनों मे कृषि भूमियों के भू-उपयोग परिवर्तन करवाने वालों की भीड़ लगी हुई है|यदि आपको यकीन नहीं हो रहा हो तो आप पिछले 2 महीनों के प्रमुख समाचार पत्रों को उठा कर देख सकते है जहां पर छोटे-छोटे अक्षरों मे छपने वाली जेडीए की विज्ञप्तियों की मानो झड़ी सी लगी हुई है|

यह डीआईजी कैलाश बिश्नोई का ही खौफ है जिसके चलते जयपुर के भू माफिया अब कोलोनाईजर बन रहे है और ना केवल अपनी अवैध कॉलोनियों को जेडीए से अनुमोदित करवा रहे है बल्कि रेरा रजिस्ट्रेशन भी करवा रहे है तभी तो रेरा के पिछले दो महीनों मे रजिस्टर्ड हुए 50 प्रोजेक्टों मे 36 प्रोजेक्ट जेडीए के बाहरी इलाकों मे बन रही कॉलोनियों से संबंधित है|


संडे बिग स्टोरी जयपुर डेपुटेशन अथॉरिटी (JDA) में खाकी की दिलचस्पी

जेडीए में 10 पद, दावेदार 350 इंस्पेक्टर; एसीबी में 43 पद, बेसिक भी 12.5% ज्यादा, आवेदन शून्य

22/09/2023

जगतपुरा 7 नंबर
बस स्टैंड पर पीएम-सीएम के पोस्टर लगा कर निर्माण हो रहा, जेडीए ने दिया नोटिस

आगरा रोड
पुरानी चुंगी के पास बैनर से कवर कर अवैध निर्माण किया जा रहा है।

भास्कर न्यूज | जयपुर

जेडीए की एनफोर्समेंट विंग में लगने के लिए पावर गेम चल रहा है। विंग में 10 पुलिस इंस्पेक्टर के पद खाली हैं। इन पर इंस्पेक्टर लगाने के लिए जेडीसी ने डीजीपी को और यूडीएच मंत्री ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखे हैं। अब तक 350 से ज्यादा इंस्पेक्टर सिफारिशें लगा चुके हैं। दूसरी ओर, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में 43 इंस्पेक्टर के पद खाली हैं और कोई आना नहीं चाह रहा। एसीबी ने दो महीने से आवेदन आमंत्रित किए हुए हैं, लेकिन एक आवेदन नहीं आया।

**पुलिसिंग से जेडीए में डेपुटेशन की चाह क्यों?**

पुलिसिंग से जेडीए में जाने के लिए 350 इंस्पेक्टर नेताओं और उच्चाधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। दरअसल, जेडीए रीजन में 19 जोन आते हैं। इंस्पेक्टर को प्रवर्तन अधिकारी का जिम्मा मिलता है और उसके पास पूरा जोन होता है। जहां अवैध निर्माण, अवैध कॉलोनियों की बसावट को रोकने का जिम्मा प्रवर्तन अधिकारी का ही होता है। जेडीए में अवैध निर्माण, अवैध कॉलोनियों और सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण से संबंधित 90-100 शिकायतें रोजाना आती हैं। कुछ पर कार्रवाई होती है और कुछ को जानबूझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। इनमें बड़ा खेल चलता है। जेडीए में लगने के बाद इंस्पेक्टर मनचाहा जोन लेने की चाह में रहता है, इसके लिए भी सिफारिशें लगती हैं। जेडीए में जोन- 8, 9, 10, 11, 12, 13 और 14 में लगने वाला इंस्पेक्टर पावरफुल माना जाता है।

**इसलिए...पुलिसिंग छोड़ प्रवर्तन अधिकारी बनना चाहते हैं**

**जेडीए में जाने के 4 बड़े कारण**

- जयपुर में ही पदस्थापन।
- शहर में भी एक जोन का जिम्मा।
- अवैध निर्माण व अवैध कॉलोनी के बसावट में बड़ा खेल।
- नजदीकी नेताओं व रसूखदारों से सीधे संपर्क।

**एसीबी से इसलिए मोहभंग**

- प्रदेश में किसी भी जिले में जाना पड़ेगा।
- ज्यादा जवाबदेही, अधिकारियों की मॉनिटरिंग में पूरी पारदर्शिता से काम करना होता है।
- सिर्फ बेसिक सैलरी का साढ़े 12% ज्यादा मिलता है।
- भ्रष्टाचारियों को रिश्वत गिरफ्तार कर जेल भेजना होता है।

**डेपुटेशन को सरकार से सिफारिश, तय नहीं कर पा रहे किसे लगाएं**

जेडीए में अभी 13 में से तीन इंस्पेक्टर्स लगे हैं। 10 इंस्पेक्टर्स के लिए सीधे सरकार के स्तर पर सिफारिश हो रही हैं। सूत्रों की मानें तो मंत्री से लेकर विधायक स्तर पर करीब 350 से ज्यादा सिफारिशें आ चुकी हैं। अब तय नहीं कर पा रहे हैं कि किसे जेडीए में लगाएं।

**नियुक्ति के लिए सीधे आवेदन कर सकते हैं, पर नहीं कर रहे**

एसीबी डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा का कहना है कि वर्तमान में एसीबी में 55 इंस्पेक्टर्स कार्यरत हैं और 43 पद खाली हैं। इसके अलावा 17 एएसपी के पद खाली हैं। इन पदों को भरने के लिए पुलिस मुख्यालय को लिख चुके हैं। सीधे भी आवेदन कर सकते हैं, मगर नहीं आ रहे।

**राजनेताओं के बैनर और हरे-सफेद पर्दे के पीछे बन रही अवैध बिल्डिंग**

जेडीए रीजन में राजनेताओं के बैनर और हरे-सफेद पर्दे की आड़ में अवैध बिल्डिंग खड़ी करने का काम धड़ल्ले से चलता है। जोन- 9, 10, 11, 12, 13 में धड़ल्ले से अवैध निर्माण चल रहे हैं। निर्माणकर्ता भूखंड को बाहर से हरे पर्दे, राजनेता के बैनर और ऊंची दीवारों की आड़ में बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन कर बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर लेते हैं। इसमें सांठगांठ का खेल चलता है।

## लेकिन पर्याप्त नफ़री नहीं होने की वजह से जूझ रहा जेडीए का प्रवर्तन दस्ता!!शहर की पॉश कॉलोनियों मे बन रही बेतहाशा अवैध बिल्डिंगें!!

लेकिन आपको बता दें कि पिछले कुछ महीनों से जेडीए का प्रवर्तन दस्ता नफ़री की कमी से जूझ रहा है,अधिकृत रूप से जेडीए मे 22 जोन है लेकिन उनके बनिस्पत यहाँ पर 6 ही प्रवर्तन अधिकारी बचे है,जिनके पास-3-3,4-4 जोनों का अतिरिक्त चार्ज है|यह नफ़री भी प्रवर्तन दस्ते द्वारा रोजाना की जा रही अवैध कॉलोनियों के सफाये मे लग जाती है जिसके चलते शहर के आनंतरिक इलाकों मे मानो अवैध निर्माणों की बाढ़ आई हुई है,जिसके चलते बिना सेटबेक छोड़े,बिना पार्किंग के,बिना आवासीय से व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन करवाए सैंकड़ों अवैध बिल्डिंगें बन रही है और लाख शिकायतों कर बावजूद इन अवैध बिल्डिंगों पर कार्यवाहियाँ होने मे महीनों लग रहे है|इस लेट लतीफी के चलते बिल्डिंग माफिया अपनी अवैध बिल्डिंग बेचकर निकल जाता है और जेडीए से आगे की लड़ाई बेचारे खरीददार को लडनी पड़ रही है|हालंकि इस मामले मे जेडीए आयुक्त आनंदी और डीआईजी कैलाश बिश्नोई द्वारा लगातार सरकार को पत्र लिखकर प्रवर्तन शाखा की नफ़री को पूरा करने की सिफारिश की जा रही है लेकिन देखना यह है कि सरकार कब अवैध निर्माण,अतिक्रमणों जैसी जयपुर शहर की बड़ी समस्याओ को समझती है और जेडीए मे अन्य ईमानदार अधिकारियों की नियुक्ति करती है|

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Jaipur | Om Shivanta | GROUP HOUSING | Om Builders and Developers | RAJ-RERA-APP-P-2024-10076 | RAJ/P/2024/3330 (22/10/2024) | View |
| Jaipur | EMPRESS (PHASE-1) | GROUP HOUSING | RICHWELL ENTERPRISES PRIVATE LIMITED | RAJ-RERA-APP-P-2024-10073 | RAJ/P/2024/3341 (25/10/2024) | View |
| Jaipur | Gulab Hari Enclave Block-C | PLOTTED | DILIP SINGH | RAJ-RERA-APP-P-2024-10069 | RAJ/P/2024/3345 (28/10/2024) | View |
| Jaipur | CITY HOME MANSUKH MADHAVAM | PLOTTED | Jai Infratech Private Limited | RAJ-RERA-APP-P-2024-10067 | RAJ/P/2024/3352 (29/10/2024) | View |
| Jaipur | SHRIKUNJ DHAM | PLOTTED | Samurai Constructions Private Limited | RAJ-RERA-APP-P-2024-10065 | RAJ/P/2024/3334 (23/10/2024) | View |

| | | |
|---|---|---|
| Jaipur | "PLATINUM GREENS" | PLOTTED |
| Jaipur | HAPPY GREEN'S | PLOTTED |
| Jaipur | Sunflower | GROUP HOU |
| Jaipur | VIKAS HEIGHTS 3RD | GROUP HOU |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Jaipur | DHB CORRIDOR | PLOTTED | DREAM HOUSE BUILDESTATE PRIVATE LIMITED | RAJ-RERA-APP-P-2024-10093 | RAJ/P/2024/3343 (28/10/2024) | View |
| Jaipur | THE SOUTHERN RESIDENCY | PLOTTED | RIYASAT INFRA DEVELOPERS PRIVATE LIMITED | RAJ-RERA-APP-P-2024-10090 | RAJ/P/2024/3323 (18/10/2024) | View |
| Jaipur | SHREE SAGAR CITY | PLOTTED | DREAMCHART SQUARE LLP | RAJ-RERA-APP-P-2024-10081 | RAJ/P/2024/3331 (23/10/2024) | View |
| Jaipur | Manipal Nagar | PLOTTED | RJMD Homes LLP | RAJ-RERA-APP-P-2024-10078 | RAJ/P/2024/3337 (25/10/2024) | View |
| Jaipur | BHUMIJA ALANKAR II | PLOTTED | BHUMIJA REALSQUARE LLP | RAJ-RERA-APP-P-2024-10075 | RAJ/P/2024/3316 (17/10/2024) | View |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Jaipur | ARYA SHINE | GROUP HOUSING | Opulent Constructions | RAJ-RERA-APP-P-2024-10102 | RAJ/P/2024/3404 (02/12/2024) | View |
| Jaipur | Mothers Heights | GROUP HOUSING | MOTHERS BUILDERS | RAJ-RERA-APP-P-2024-10100 | RAJ/P/2024/3400 (02/12/2024) | View |
| Jaipur | VRB ELITE PARK | PLOTTED | VRB BUILDERS AND DEVELOPERS PRIVATE LIMITED | RAJ-RERA-APP-P-2024-10097 | RAJ/P/2024/3338 (25/10/2024) | View |
| Jaipur | VRINDAVAN GREENS | PLOTTED | GREEN URBAN DEVELOPERS | RAJ-RERA-APP-P-2024-10098 | RAJ/P/2024/3361 (11/11/2024) | View |
| Jaipur | Samurai The Vue | GROUP HOUSING | Samurai Constructions Private Limited | RAJ-RERA-APP-P-2024-10095 | RAJ/P/2024/3374 (18/11/2024) | View |

| | | | |
|---|---|---|---|
| alaji Builders elopers mited | RAJ-RERA-APP-P-2024-10137 | RAJ/P/2024/3384 (21/11/2024) | View |
| ARE LLP | RAJ-RERA-APP-P-2024-10133 | RAJ/P/2024/3399 (02/12/2024) | View |
| Developers | RAJ-RERA-APP-P-2024-10130 | RAJ/P/2024/3409 (03/12/2024) | View |
| ELOPERS | RAJ-RERA-APP-P-2024-10128 | RAJ/P/2024/3414 (04/12/2024) | View |
| KUMAR | RAJ-RERA-APP-P-2024-10127 | RAJ/P/2024/3377 (18/11/2024) | View |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Jaipur | BHUMIJA ALANKAR 4TH | PLOTTED | BHUMIJA EMPIRE LLP | RAJ-RERA-APP-P-2024-10055 | RAJ/P/2024/3301 (04/10/2024) | View |
| Jaipur | AYODHYA NAGARI | PLOTTED | HIGHTECH COLONIZERS PRIVATE LIMITED | RAJ-RERA-APP-P-2024-10053 | RAJ/P/2024/3300 (04/10/2024) | View |
| Jaipur | Galaxy Star City | PLOTTED | GALAXY REALMART PRIVATE LIMITED | RAJ-RERA-APP-P-2024-10052 | RAJ/P/2024/3389 (25/11/2024) | View |
| Jaipur | Royal Crysta I | GROUP HOUSING | VINAYAK CONSTRUCTIONS | RAJ-RERA-APP-P-2024-10051 | RAJ/P/2024/3319 (17/10/2024) | View |
| Jaipur | Royal Regaliya | GROUP HOUSING | VINAYAK BUILDCOM | RAJ-RERA-APP-P-2024- | RAJ/P/2024/3328 | View |
| Jaipur | Krishna Sarover-II | PLOTTED | Sh | | | |

| | | |
|---|---|---|
| AJ-RERA-APP-P-2024-10112 | RAJ/P/2024/3408 (03/12/2024) | View |
| AJ-RERA-APP-P-2024- | AJ/P/2024/3369 2/11/2024) | View |
| | J/P/2024/3407 3/12/2024) | View |
| | J/P/2024/3391 5/11/2024) | View |
| | J/P/2024/3358 4/11/2024) | View |

| | |
|---|---|
| 7 | View |
| 2 | View |

| | | |
|---|---|---|
| Ja | | |
| Ja | | |
| Ja | | |
| Jaipur | GOVIND AASHRAY | PLOTTED |
| Jaipur | THE IMPERIAL | PLOTTED |

Drag a column header and drop it here to group by that column

| District Name | Project Name | Project Type | Promoter Name | Application No. / Submission Date | Registration No. / Registration Date | Actions |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Jaipur | SHREE KALYAN SAGAR BLOCK-A | PLOTTED | Shribhagirath Colonizers And Developers Private Limited | RAJ-RERA-APP-P-2024-10155 | RAJ/P/2024/3418 (06/12/2024) | View |
| Jaipur | Palmera Garden Phase - 1 | PLOTTED | JAINA INDIA INFRAEDGE LLP | RAJ-RERA-APP-P-2024-10140 | RAJ/P/2024/3427 (10/12/2024) | View |
| Jaipur | SHRIDHAR CITY PRIME-II | PLOTTED | Mahesh Kumar Jaju | RAJ-RERA-APP-P-2024-10138 | RAJ/P/2024/3385 (21/11/2024) | View |
| Jaipur | SHRIDHAR CITY PRIME | PLOTTED | Mahesh Kumar Jaju | RAJ-RERA-APP-P-2024-10134 | RAJ/P/2024/3383 (21/11/2024) | View |
| Jaipur | Viaan's Radiant | GROUP HOUSING | Viaan Builders and Developers | RAJ-RERA-APP-P-2024-10136 | RAJ/P/2024/3420 (07/12/2024) | View |